# कार्यालय प्राचार्य, श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.)

दूरभाष क्र.: **0733-2222206**, ई-मेलआई.डी.: **hegsnpgckhn@mp.gov.in; sngpg_collegekhandwa@yahoo.com; semestercell@rediffmail.com**


क्र. 3575/जनभा./2023 खण्डवा, दिनांक: 28/12/2023

प्रति,

आयुक्त,
उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन,
5वीं मंजिल, सतपुड़ा भवन,
भोपाल - 462004 (म.प्र.) ।

विषय :- महाविद्यालय भवन, छात्रावास भवन, सायकल स्टैण्ड में दिन एवं रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था हेतु पंजीकृत सुरक्षा एजेंसियों से निविदा आमंत्रण-सूचना को विभागीय वेबसाईट पर **अपलोड** करने विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत् लेख है कि पत्र के साथ संलग्न आमंत्रण-सूचना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कर अनुग्रहित करें ।

संलग्न :- आमंत्रण-सूचना ।

(डॉ. गणेश प्रसाद दावरे)
प्राचार्य
Principal
S.N.Govt. P.G.College
Khandwa (M.P.)

पृष्ठां. क्र. 3576/जनभा./2023 खण्डवा, दिनांक: 28/12/2023

प्रतिलिपि :-

1. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, आई.टी. प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन, भोपाल (म.प्र.) ।

sd/-
(डॉ. गणेश प्रसाद दावरे)
प्राचार्य
Principal
S.N.Govt. P.G.College
Khandwa (M.P.)

O/C

# कार्यालय प्राचार्य, श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.)

दूरभाष क्र.: 0733-2222206, ई-मेलआई.डी.: **hegsnpgckhn@mp.gov.in; sngpg_collegekhandwa@yahoo.com; semestercell@rediffmail.com**


खण्डवा, दिनांक: 28/12/2023

## // निविदा आमंत्रण सूचना //

महाविद्यालय भवन, महाविद्यालय छात्रावास, महाविद्यालय साईकल स्टेण्ड में दिन एवं रात्रि कालीन सुरक्षा व्यवस्था हेतु सुरक्षाकर्मी नियुक्त करने के लिए पंजीकृत सुरक्षा एजेंसीयों से सत्र 2022-23 हेतु निविदाएं निर्धारित शर्तों के अंतर्गत् आमंत्रित की जाती हैं। महाविद्यालय में निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकशित होने के 21 दिवस तक होगी। इस तिथि के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा संबंधी शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं, साथ ही महाविद्यालय की वेबसाईट (**https://www.snpgcollegekhandwa.in/**) पर भी उपलब्ध रहेगी । निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का संपूर्ण अधिकार प्राचार्य/सचिव, जनभागीदारी समिति को होगा ।

(डॉ. गणेश प्रसाद दावरे)
Principal
S.N. Govt. P.G.College
Khandwa (M.P.)

# कार्यालय प्राचार्य, श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा (म.प्र.)

दूरभाष क्र.: 0733-2222206, ई-मेलआई.डी.: hegsnpgckhn@mp.gov.in; sngpg_collegekhandwa@yahoo.com; semestercell@rediffmail.com

खण्डवा, दिनांक: 28/12/2023

## // निविदा शर्तें / जानकारी //

महाविद्यालय भवन, महाविद्यालय छात्रावास, महाविद्यालय साईकल स्टेण्ड की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पंजीकृत व्यक्तियों / सुरक्षा एजेंसीयों हेतु निविदा शर्त/जानकारी -

1. पारिश्रमिक दर प्राप्त अन्य दरों से न्यूनतम होना चाहिए ।
2. सुरक्षा व्यवस्था दो पारियों में प्रति 12 घण्टें की होगी, जिसका समय प्रात: 07:00 बजे से सायंकाल 07:00 बजे एवं सायंकाल 07:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक रहेगा ।
3. माह में किसी भी दिन अवकाश/अनुपस्थिति मान्य नहीं होगी ।
4. न्यूनतम दो सुरक्षाकर्मीयों की व्यवस्था होगी अर्थात दो प्रात: कालीन एवं दो रात्रिकालीन ।
5. महाविद्यालय की संपत्ति की पूर्ण जवाबदारी सुरक्षाकर्मी की होगी, चोरी/सामग्री गुम होने पर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी ।
6. राशि रू. 5,000/- प्रति सुरक्षाकर्मी की दर से सुरक्षा निधि महाविद्यालय में जमा कराना होगी ।
7. एजेंसी द्वारा कार्यरत सुरक्षाकर्मी को नवीन फोटोग्राफ सहित परिचय पत्र देना अनिवार्य होगा तथा उसकी व्यक्तिगत जानकारी एवं पुलिस चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र महाविद्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा ।
8. सुरक्षाकर्मी को प्रतिदिन युनिफॉर्म में कर्तव्य पर उपस्थित रहना होगा ।
9. अनुपस्थिति की स्थिति में पूर्व सूचना देना तथा अन्य व्यवस्था करना एजेंसी की जवाबदारी रहेगी ।
10. सुरक्षा एजेंसी/संस्था का नियमानुसार पंजीयन होना अनिवार्य है ।
11. कार्यरत सुरक्षाकर्मी का शासकीय नियमानुसार भविष्य निधि / बीमा अंशदान, संबंधित संस्था / एजेंसी द्वारा किया जावेगा एवं जमा राशि की रसीद महाविद्यालय को प्रतिमाह उपलब्ध कराना होगी ।

28/12/23

(डॉ. गणेश प्रसाद दावरे)
Principal
S.N. Govt. P.G.College
Khandwa (M.P.)